DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि में एमएससी शहरी विकास प्रबंधन की कक्षाएं शुरू

देहरादून। दून विवि में एमएससी शहरी विकास प्रबंधन के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सोमवार को आयोजन हुआ। इस दौरान कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि ये कोर्स सीईपीटी विश्वविद्यालय, अहमदाबाद के अकादमिक सहयोग से शुरू किया गया है। अपर सचिव डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों को शहरी नियोजन और विकास में आने वाली समस्या के मूल कारण में जाना चाहिए।

सामाजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल ने बताया कि कैसे शहरी नियोजन का पर्यावरण संबंधी चिंताओं से सीधा संबंध है। डीआईटी यूनिवर्सिटी के एचओडी डॉ. आशुतोष जोशी ने बताया कि छात्रों को शहरी विकास प्रबंधन का अध्ययन क्यों करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. आरपी ममगाई डीन, डॉ. मंद्रवाल, डॉ. स्वाति बिष्ट समन्वयक शहरी नियोजन, डॉ. विपिन कुमार, सह-समन्वयक शहरी नियोजन डॉ.अरुण कुमार, डॉ.अविनाश जोशी और डॉ.अविजीत सहाय उपस्थित थे।

News paper – Hindustan
Date – 30.07.2024